## नशे का काला कारोबार और कुएं में दफन तीन ज़िंदगियां

# पुलिस से बचकर भाग रहे गांजा तस्करों का खौफनाक अंत







शहडोल।

मौत जब पीछा करती है, तो रफ्तार और रसूख धरे के धरे रह जाते हैं। जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र में बीती रात नशे के सौदागरों के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। कानून की गिरफ्त से बचने के लिए मौत की रफ्तार से भाग रही एक क्रेटा कार न केवल पलटी, बल्कि भागते हुए तीन युवकों को मौत के उस अंधेरे कुएं तक खींच ले गई, जहां से उनकी लाशें ही बाहर आईं। गांजा तस्करी के इस काले खेल का अंत इतना वीभत्स होगा, इसकी कल्पना शायद उन युवकों ने भी नहीं की थी।

### आधी रात का हाई-वोल्टेज ड्रामा

घटना जैतपुर के कमता कॉलेज तिराहे के पास की है। रात का सन्नाटा पसरा था, तभी पुलिस की नाइट गश्त टीम को एक सफेद रंग की संदिग्ध क्रेटा कार नजर आई। पुलिस ने जैसे ही हाथ देकर वाहन को रोकने का इशारा किया, कार में सवार युवकों के माथे पर पसीना आ गया। कानून के फंदे से बचने के लिए उन्होंने एक्सीलेटर पर पैर रख दिया। रफ्तार इतनी तेज़ थी कि मोड़ पर कार अनियंत्रित होकर खेतों में जा पलटी।

### अंधेरे में मौत की छलांग: कुएँ में समा गई सांसे

कार पलटने के बाद भी तस्करों का जुनून कम नहीं हुआ। घायल अवस्था में ही तीनों युवक तनुज शुक्ला, सचिन सिंह बघेल और रोहित शर्मा कार से बाहर निकले और पुलिस को चकमा देने के लिए खेतों की ओर सरपट भागने लगे, घने अंधेरे और पुलिस के डर से उपजी घबराहट में उन्हें सामने कुआं नज़र नहीं आया। एक-एक कर तीनों युवक सीधे गहरे कुएं में जा गिरे। चोटिल होने और पानी गहरा होने के कारण उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला और कुछ ही पलों में उनकी सांसे थम गईं।

### रेस्क्यू ऑपरेशन और लाशों का अंबार

सुबह जब रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ, तो इलाके में हडक़ंप मच गया। जैतपुर पुलिस और ग्रामीणों की मदद से जब कुएं से पानी निकाला गया, तो सबसे पहले दो शव बरामद हुए। पुलिस को लगा कि खेल खत्म हो गया, लेकिन कुछ देर बाद तीसरे युवक का शव भी सतह पर आ गया। मृतकों की पहचान शहडोल के तनुज शुक्ला, बुढार टिकुरी टोला के सचिन सिंह बघेल और रोहित शर्मा के रूप में हुई है। जवान बेटों की लाशें देख परिजनों का कलेजा फट गया, लेकिन अपराध की दुनिया का अंत अक्सर ऐसा ही हृदय विदारक होता है।

### कार से निकला 5 किलो गांजा

पुलिस ने जब दुर्घटनाग्रस्त क्रेटा कार की बारीकी से तलाशी ली, तो दंग रह गई। कार के भीतर से 5 किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद किया गया है। प्रारंभिक जांच में साफ़ हो गया है कि ये युवक महज शौकिया तौर पर नहीं घूम रहे थे, बल्कि नशे की एक बड़ी खेप खपाने की फिराक में थे। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क की कुंडली खंगाल रही है कि यह माल कहां से लाया गया था और शहडोल के किन सफेदपोशों तक इसे पहुंचाया जाना था।

### प्रशासन के सख्त तेवर और दहशत का माहौल

मौके पर एसडीओपी और भारी पुलिस बल ने डेरा डाल रखा है। जैतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तस्करी के इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि इजी मनी और नशे के कारोबार का रास्ता सीधे श्मशान की ओर जाता है। जैतपुर की इस घटना ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। तीन घरों के चिराग बुझ गए, लेकिन इसके पीछे की वजह वह अवैध नशा है जो समाज को दीमक की तरह चाट रहा है। प्रशासन के लिए यह एक बड़ी चेतावनी है कि जिले में नशे के सौदागरों के खिलाफ अब जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी।

### इनका कहना है...

देर रात एक कार का एक्सीडेंट हो गया, जिसमें 5 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ है, संभवतः कार में सवार तीन युवक भाग रहे थे, जो कि कुएं में गिर गए, उनकी मौत हो गई, उनका रेस्क्यू किया जा रहा है।

**जे.पी शर्मा**
**थाना प्रभारी, जैतपुर**

## खबर संक्षेप

### ब्यौहारी ब्लॉक कांग्रेस ने बाबा साहेब के चित्र पर किया माल्यार्पण



**शहडोल।** संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यौहारी द्वारा श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। वार्ड क्रमांक 07 स्थित पूर्व पार्षद श्रीमती दुर्गा चौधरी के निज निवास पर आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में कांग्रेस जनों ने बाबा साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। ब्लॉक अध्यक्ष सतेंद्र त्रिपाठी पिंटू एवं जिला संगठन मंत्री विनोद ताम्रकार की मौजूदगी में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने और संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, आयुष्मान ताम्रकार और हरिशंकर कोरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व स्थानीय जन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बाबा साहेब को सामाजिक न्याय का मसीहा बताते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने की बात कही।

### जन अभियान परिषद ने परखी योजनाओं की धार

**शहडोल।** म.प्र. जन अभियान परिषद की संभाग स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आज श्री नर्मदे हर सेवा न्यास में सम्पन्न हुई। परिषद के कार्यपालक निदेशक बकुल लाढ़ की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रस्फुटन, नवांकुर और सीएमसीएलडीपी जैसी प्रमुख योजनाओं की प्रगति पर गहन मंथन किया गया। समीक्षा के दौरान श्री लाढ़ ने कार्यों में गति लाने और योजनाओं को परिणामोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने समन्वयकों का मार्गदर्शन करते हुए सामाजिक सरोकारों को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का आह्वान किया। बैठक में शहडोल संभाग के सभी जिला एवं विकासखंड समन्वयक उपस्थित रहे, जिन्होंने आगामी प्रभावी कार्ययोजना का संकल्प लिया।

### ट्रक से आज़ाद कराए 36 मवेशी, दो तस्कर दबोचे

**शहडोल।** पशु तस्करों के खिलाफ पुलिस ने सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए बेजुबानों के खून के सौदागरों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। मंगलवार को थाना देवलोंद पुलिस ने घेराबंदी कर एक ट्रक को जब्त किया, जिसमें 36 मवेशियों को कत्लखाने ले जाने की तैयारी थी।

**नरक बना दिया था ट्रक का डाला**
मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना प्रभारी सुभाष दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम चंदोला फॉरेस्ट बैरियर पर जाल बिछाया। जैसे ही संदिग्ध ट्रक एमपी 53 जेडजी 7842 वहां पहुंचा, पुलिस ने उसे दबोच लिया। ट्रक के भीतर का नजारा रोंगटे खड़े कर देने वाला था, तस्करों ने 13 भैंस और 23 पड़वों को अमानवीय तरीके से ठूस-ठूस कर भरा था। भूख-प्यास से तड़प रहे इन बेजुबानों को ब्यौहारी से यूपी के फतेहपुर तस्करी किया जा रहा था।

**हवालात पहुंचे सीधी के तस्कर**
पुलिस ने मौके से ट्रक चालक वाहिददीन अंसारी उम्र 37 वर्ष और उसके साथी इल्ताक खान उम्र 28 वर्ष दोनों निवासी जिला सीधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मवेशियों के परिवहन से जुड़ा कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। जब्त ट्रक और मवेशियों की कुल कीमत 19 लाख 70 हजार रुपये आंकी गई है।

**गौशाला भेजे गए बेजुबान**
पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और एमवी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। जब्त मवेशियों को सुरक्षित रखने हेतु तीर्थ गौशाला समिति बाणसागर की सुपुर्दगी में दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में सउनि इन्द्रलाल पुरी, आरक्षक अभिषेक तिवारी, आदित्य सिंह, ओमप्रसाद और चित्रांशु शुक्ला की जांबाज भूमिका रही।

### राजस्थान से सुरक्षित दस्तयाब हुई नाबालिग

**शहडोल।** नाबालिग बच्चियों को बहला-फुसलाकर शिकार बनाने वाले गिरोहों को जिले की बुढ़ार पुलिस ने कड़ा जवाब दिया है। मार्च माह में गायब हुई एक 17 वर्षीय बालिका को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद राजस्थान के चूरू जिले से बरामद कर लिया है। 11 मार्च को बालिका घर से अचानक लापता हो गई थी, जिस पर परिजनों ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का संदेह जताया था। मामला दर्ज होते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और सायबर सेल की मदद से सुराग जुटाए। थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने दबिश देकर अपहृता को बालाजी पार्किंग (चूरू, राजस्थान) से सकुशल दस्तयाब किया। इस सफलता में महिला प्रधान आरक्षक सरिता सिंह राठौर, सविता धुर्वे और प्रधान आरक्षक शंकर प्रजापति की जांबाज भूमिका रही।




## ब्यौहारी में प्रगणकों को मिला डिजिटल हाउस लिस्टिंग का प्रशिक्षण

शहडोल।

राष्ट्र के विकास की नींव माने जाने वाली जनगणना 2027 की तैयारियां जिले में तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत ब्यौहारी में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) और स्व-गणना की बारीकियों पर चर्चा की गई।

### डिजिटल डेटा और सटीकता पर जोर

प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी सरोधन सिंह ने स्पष्ट किया कि जनगणना के आंकड़े शासन की भविष्य की योजनाओं का आधार होते हैं। उन्होंने प्रगणकों को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर त्रुटिरहित जानकारी संकलित करें। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रगणकों को आवश्यक प्रपत्रों के संधारण के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों और मोबाइल ऐप के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि डेटा संग्रहण में पारदर्शिता बनी रहे।

### स्व-गणना की नई पहल

इस बार नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने के लिए स्व-गणना की सुविधा भी दी जा रही है, जिसके बारे में विस्तार से बताया गया। अनुविभागीय अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी भागीरथी लहरे ने गोपनीयता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स और जनपद पंचायत का अमला उपस्थित रहा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ब्यौहारी क्षेत्र का कोई भी परिवार या मकान इस महत्वपूर्ण सांख्यिकीय महायज्ञ में छूटने न पाए।

## शहडोल में गरिमामय ढंग से मनाई गई अंबेडकर जयंती संविधान शिल्पी बाबा साहेब की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब






### छात्राओं ने नृत्य और नाटकों के जरिए दी संविधान की जानकारी

### जिले के मेधावी खिलाड़ियों और छात्रों का हुआ सम्मान

शहडोल।

भारतीय संविधान के दूरद्रष्टा और आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को संभागीय मुख्यालय में अभूतपूर्व उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित भव्य जिला स्तरीय समारोह में वक्ताओं ने बाबा साहेब के उस त्याग को याद किया, जिसने देश के करोड़ों वंचितों को मुख्यधारा से जोडऩे का मार्ग प्रशस्त किया।

### प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ समारोह का आगाज़

कार्यक्रम की शुरुआत कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। इसके पूर्व, कमिश्नर और कलेक्टर ने अंबेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को नमन किया।

### समतामूलक समाज के स्वर थे बाबा साहेब

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा ने कहा डॉ. अंबेडकर का संविधान निर्माण में योगदान अतुलनीय है। उन्होंने न केवल कानून की किताब लिखी, बल्कि एक ऐसे समतामूलक समाज की नींव रखी जहां हर नागरिक के अधिकार सुरक्षित हैं। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा विकसित किए गए पंचतीर्थ (महू, लंदन, नागपुर, दिल्ली और मुंबई) का उल्लेख करते हुए बताया कि ये स्थान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के केंद्र हैं। समारोह में डॉ. ममता प्रजापति और डॉ. दीपक पटेल ने भी संविधान के तकनीकी और सामाजिक पहलुओं पर प्रकाश डाला, जिससे उपस्थित जनसमूह को बाबा साहेब के दर्शन को गहराई से समझने का अवसर मिला।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यक्रम का आकर्षण ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। छात्राओं ने संविधान गीत और संविधान नृत्य के माध्यम से संवैधानिक मूल्यों को जीवंत कर दिया। वहीं, लकी चतुर्वेदी के निर्देशन में प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने बाबा साहेब के संघर्षों और शिक्षा की महत्ता को मार्मिक ढंग से प्रदर्शित किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

### खेल और शिक्षा में लहराया परचम

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के होनहारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में फुटबॉल एवं खेलः सानिया कुंडे, सुहानी कोल, काजल मेहरा, और राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी जीतू सिंह। योग एवं अन्यः रूपाली सिंह (योग), अभिषेक सिंह कंवर (वॉलीबॉल), और निर्मला प्रजापति (कबड्डी)। विशेष सम्मानः मेधावी दिव्यांग छात्र अजय प्रजापति को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया।

### प्रशासनिक अमले की रही गरिमामय उपस्थिति

समारोह में जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति, जनपद अध्यक्ष श्रीमती हीरावती कोल, एसडीएम श्रीमती अमृता गर्ग, और सहायक आयुक्त आनंद राय सिंहा सहित कई गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डीपीसी अमरनाथ सिंह ने किया, जबकि जनजातीय कार्य विभाग के उपायुक्त जे.पी. यादव ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## महिला सशक्तिकरण का महायज्ञ

# शहडोल में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े का भव्य आगाज

शहडोल।

विकसित भारत के संकल्प में आधी आबादी की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संभागीय मुख्यालय में 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' अत्यंत उत्साह और संकल्प के साथ मनाया गया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों ने एक स्वर में महिला सशक्तिकरण का शंखनाद किया।

### 2029 के चुनावों पर टिकी निगाहें

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन रहा। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम (106वां संविधान संशोधन) को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का महायज्ञ करार दिया। उन्होंने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि 16 अप्रैल 2026 से संसद में इस अधिनियम के पूर्ण क्रियान्वयन को लेकर ऐतिहासिक चर्चा शुरू होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि 2029 के लोकसभा और आगामी विधानसभा चुनाव पूरी तरह से महिला आरक्षण लागू होने के बाद हों, ताकि लोकतांत्रिक संस्थाओं में नई ऊर्जा का संचार हो सके।



### हस्ताक्षर अभियान से एकजुटता का प्रदर्शन

महिला सशक्तिकरण और नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी का समर्थन करने के लिए कार्यक्रम में एक व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा ने इस अभियान की शुरुआत की। अधिकारियों ने कहा कि यह कानून केवल विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

### वितरित किए गए पोषण किट

पखवाड़े के अंतर्गत केवल चर्चा ही नहीं, बल्कि धरातल पर भी कार्य किया गया। स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से चिन्हित कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को अतिथियों द्वारा पोषण किट का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज को कुपोषण मुक्त बनाना और सुरक्षित मातृत्व व स्वस्थ बचपन को बढ़ावा देना है। इस गरिमामय अवसर पर जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हीरावती कोल, एसडीएम श्रीमती अमृता गर्ग, सहायक आयुक्त जनजातीय आनंद राय सिंहा और जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा सहित भारी संख्या में जन प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कांग्रेस भवन में गूंजा जय भीम का उद्घोष

## बाबा साहेब की जयंती पर कांग्रेसियों ने लिया संविधान रक्षा का संकल्प

**शहडोल।** भारतीय संविधान के शिल्पी, आधुनिक भारत के निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल द्वारा पूरे उत्साह, श्रद्धा और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। स्थानीय कांग्रेस भवन में आयोजित इस भव्य समारोह में कांग्रेसियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए समतामूलक समाज के मार्ग पर चलने की शपथ ली।

**आधुनिक भारत के आधार स्तंभ थे बाबा साहेब**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का जीवन केवल एक व्यक्ति की गाथा नहीं, बल्कि संघर्ष, त्याग और अटूट समर्पण का महाकाव्य है। उन्होंने कहा डॉ. अंबेडकर ने समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को न केवल मुख्यधारा से जोड़ा, बल्कि संविधान के रूप में हमें वह हथियार दिया जिससे देश की एकता और अखंडता सुरक्षित है। श्री अवस्थी ने आगे कहा कि आज के चुनौतीपूर्ण दौर में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के उनके विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

**नगरपालिका अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं ने दी श्रद्धांजलि**- समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल और पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनाकर ही समाज में व्याप्त ऊँच-नीच और असमानता की खाई को पाटा जा सकता है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों ने संविधान बचाओ-देश बचाओ के संकल्प को दोहराया।



**दिग्गजों की रही मौजूदगी**- कार्यक्रम में कांग्रेस का पूरा कुनबा एकजुट नजर आया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, सुनील खरे, अनुज मिश्रा, नगर अध्यक्ष प्रभात पाण्डेय और युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम सहित वरिष्ठ कांग्रेसी रामनरेश तिवारी ने भी बाबा साहेब को नमन किया। समारोह में सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, महामंत्री शिव शंकर शुक्ला, पार्षदगण—हीरालाल प्रजापति, पूर्णेन्द्र मिश्रा, संजय पटेल, सुगंधिता सराफ के साथ ही रजनी गुप्ता, रमा विश्वकर्मा, सत्यनारायण साहू (ओबीसी जिलाध्यक्ष), ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतमदास सोनी और जयकरण सिंह सहित महिला कांग्रेस, एनएसयूआई एवं अन्य प्रकोष्ठों के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरा कार्यक्रम सामाजिक समरसता के रंग में डूबा रहा। अंत में सभी उपस्थित जनों ने एकजुट होकर बाबा साहेब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के नारे को बुलंद किया।

## खबर संक्षेप

### जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियो के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**शहडोल।** विधायक श्रीमती मनीषा सिंह एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती आशा भंडारी के नेतृत्व में नगरपालिका शहडोल अंतर्गत बस स्टैंड में शहडोल को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही जनमानस से अपील की गई कि कचरा को ईधर-ऊधर न फेंक, कचरे को डस्टबिन में ही डाले। स्वच्छता के प्रति स्वय जागरूक रहे एवं दूसरो को भी जागरूक करें और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद, नगरपालिका के मैदानी अमला व लोगो ने भी सहभागिता निभाई।

### मध्य प्रदेश कोतमा की बेटी ने राजस्थान में लहराया परचम



**कोतमा।** जिले की कोतमा निवासी शताक्षी शर्मा ताम्रकार, शैली, पिता शैलेंद्र ताम्रकार की बेटी जो की राजस्थान कोटा में नीट की कोचिंग कर शिक्षा ग्रहण कर रही है वह गत वर्ष 2025 में भी राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता जूनियर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया था इस वर्ष 2026 में शताक्षी शर्मा ने डीड लिफ्ट मे 100 किलो वजन, बेंच प्रेस में 52.5 किलो वनज एवं स्क्वेट 80 किलो वजन में रजत पदक प्राप्त कर राजस्थान के साथ-साथ मध्य प्रदेश का नाम भी गौरांवित किया है। एक तरफ जहां बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है वही कोतमा की बेटी खेल स्पर्धा में भी अग्रणी होकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है शताक्षी से हमारे प्रतिनिधि के द्वारा पूछे जाने पर कहा कि मैं एक दिन मध्य प्रदेश की बेटी होकर इस देश के लिए ओलंपिक में भी खेलना चाहती हूं यदि इसी तरह लोगों का उत्साहवर्धन प्यार आशीर्वाद मिलता रहा तो जरूर देश के लिए भी खेलूंगी।

### तस्कर गिरफ्तार, 40 हजार का गांजा जब्त

**कटनी।** रंगनाथ नगर पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार रंगनाथ नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर कहीं जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने OFK ग्राउंड के पास पहुंची। इस दौरान पुलिस ने बिलास गुप्ता उम्र 26 वर्ष निवासी रोशन नगर को पकड़ा। पुलिस ने जब आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास मौजूद एक 'पिट्ठू बैग' के अंदर दो अलग-अलग पन्नियों में भरा हुआ 2.014 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत करीब 40,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से गांजा और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने बिलास गुप्ता के खिलाफ NDPS एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया है।

### धरे गये चार जुआरी, नकदी एवं बाइकें जब्त

**कटनी।** बहोरीबंद पुलिस ने ग्राम कुआं भिड़की हार के जंगल में चल जुआ फड़ पर दबिश देकर चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों से नगद राशि, कार, मोटरसाइकिलें जब्त की है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा चलाए जा रहे अपराधों की रोकथाम के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया के निर्देशन तथा एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में बहोरीबंद पुलिस ने ग्राम कुआं भिड़की हार के जंगल में मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अनिल पाण्डे, गेंदलाल हल्दकार, भोलू खटीक एवं राजू शिव पाठक को रंगेहाथों गिरफ्तार किया।

## फोन वाले आदेश पर हाईवे पर सरेआम डकैती

# उमरिया के हाईवे पर गब्बर का तांडव

### अनफिट गाड़ी में बैठकर नियम सिखा रहा बाबू
### बिना नेम प्लेट के सैनिकों के सहारे चल रही अवैध वसूली

**उमरिया।** जिले के नेशनल हाईवे पर इन दिनों बच्चों को सुलाने के लिए नहीं, बल्कि ट्रक ड्राइवरों की जेबें खाली करने के लिए एक आधुनिक गब्बर का खौफ छाया हुआ है। परिवहन कार्यालय का एक अदना सा बाबू, जो खुद को सिस्टम का असली मालिक समझ बैठा है, इन दिनों हाईवे पर वसूली का ऐसा खेल-खेल रहा है जिसे देखकर डकैत मान सिंह की आत्मा भी शरमा जाए।



### साहब नदारद, बाबू का फोनिया राज!

हद तो तब हो गई जब जांच के नाम पर सडक़ पर तमाशा कर रहे इस गब्बर से सवाल पूछा गया कि जनाब, आरटीओ मैडम कहां हैं? क्या बाबू को अब सूबेदारी मिल गई है? तो बड़े ही रसूख के साथ जवाब मिला कि उन्हें फोन पर आदेश मिला है। धन्य है उमरिया का परिवहन विभाग, यहां सरकारी नियम और गजट नोटिफिकेशन नहीं, बल्कि साहबों के फोन कॉल पर कानून बदल जाते हैं। क्या परिवहन विभाग अब इतना लाचार हो गया है कि एक बाबू को हाईवे पर जज और जल्लाद बनाकर भेज दिया गया है? क्या कलेक्टर और आलाधिकारियों को यह नहीं पता कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत एक क्लर्क को वाहन रोकने और उनके दस्तावेज चेक करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है।

### खुद की गाड़ी अनफिट, दूसरों पर रौब!

इस पूरे खेल का सबसे हास्यास्पद और शर्मनाक पहलू यह है कि नियम सिखाने निकले ये गब्बर साहब खुद जिस गाड़ी में बैठकर हाईवे पर चौकीदारी (वसूली) कर रहे थे, वह खुद अनफिट बताई जा रही है। बिना अधिकृत अधिकारी और बिना किसी लिखित ऑर्डर के हाईवे पर गाडिय़ों को रोकना केवल चेकिंग नहीं, बल्कि अवैध वसूली की श्रेणी में आता है, जिसे प्रशासन का मौन संरक्षण प्राप्त है।

### गुमनाम नगर सैनिक और वर्दी का अपमान

गब्बर अकेला नहीं आता, वह अपने साथ एक छोटी-सी सेना भी रखता है। इस तथाकथित चेकिंग दल में कुछ नगर सैनिक भी शामिल थे, जिनकी वर्दी पर नेम प्लेट तक नहीं थी। बिना नाम की तख्ती लगाए ये सैनिक सडक़ पर क्या कर रहे थे? क्या वे अपनी पहचान छिपाना चाहते थे ताकि वसूली के बाद कोई उन्हें पहचान न सके या फिर विभाग ने इन्हें वर्दी की गरिमा को ताक पर रखने की खुली छूट दे दी है? बिना आधिकारिक पहचान के वर्दी पहनकर सडक़ पर उतरना अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा है।

### वसूली का सिंडिकेट और प्रशासन की गहरी नींद

सूत्रों की मानें तो यह गब्बर कोई अकेला खिलाड़ी नहीं है। पहले भी एक कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ मिलकर पूरे जिले को अपनी जागीर समझकर लूटने का आरोप इन पर लगता रहा है। ट्रक ड्राइवरों और राहगीरों का कहना है कि यहां कानून का डर नहीं दिखाया जाता, बल्कि सेवा शुल्क की डिमांड की जाती है। उमरिया आरटीओ कार्यालय भ्रष्टाचार का एक ऐसा टापू बन चुका है जहां नियम केवल आम जनता के लिए हैं, बाबू और रसूखदारों के लिए तो यहां लूट की छूट का सेल लगा हुआ है। उमरिया का परिवहन विभाग इस समय अंधेर नगरी, चौपट राजा वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। यदि जल्द ही इस गब्बर और उसे पालने वाले आकाओं पर लगाम नहीं कसी गई, तो वह दिन दूर नहीं जब जिले के हाईवे पर आम आदमी का निकलना दूभर हो जाएगा।

## बच्चियो को एचपीवी टीकाकरण के लिए करें प्रेरित, बढाएं प्रगति: कलेक्टर




**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समयावधि पत्रो की समीक्षा की। कलेक्टर ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने एचपीवी टीकाकरण की अपेक्षित प्रगति नही होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि एचपीवी टीकाकरण के लिए 14 से 15 वर्षीय बच्चियो को प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण में प्रगति सुनिश्चित करने हेतु जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, ब्लाक मेडिकल आफिसरो की बैठके आयोजित कर टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्कूलो एवं ग्रामो का भ्रमण कर छूटे हुए 14 से 15 वर्षीय बच्चियो को एचपीवी टीकाकरण के लिए प्रेरित कर टीके लगवाएं। कलेक्टर ने बैठक में जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग, ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभागो में सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो का निराकरण संतुष्टिपूर्वक कराना सुनिश्चित करें एवं कोई भी शिकायत अनअटेंटेंड न रहें। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, सडक़ निर्माण जैसे अन्य बिंदुओ पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## पंचायत से पार्लियामेंट तक सुनिश्चित हो रही नारी शक्ति की भागीदारीः विधायक



### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शहडोल।** जिला स्तरीय नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम जिला पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने मॉ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ पंचायत से पर्लियामेंट तक नारी शक्ति की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर देश और समाज से सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रही है, महिलाएं पायलट, डॉक्टर, राजनीतिक, प्रषासनिक अधिकारी जैसे अन्य क्षेत्रो में पुरूषो के साथ कंधे से कंधे मिलाकर आगे बढ़ रही है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपस्थिति में विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअली रूप देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग, सीईओ जनपद पंचायत श्री गलैक्सी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास अखिलेश मिश्रा, परियोजना अधिकरी आनंद अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सड़क हादसे में तीन गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत बसखली डामर रोड पर सोमवार शाम लगभग 7.00 बजे एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना तेज था कि आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर तेज रफ्तार और लापरवाही इस दुर्घटना का मुख्य कारण हो सकती है। घटना के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर दिया जोर, छात्राओं को दिखाया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विमला मिंज के संयोजन में सोमवार को नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा की विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का सीधा प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम तथा महिला आरक्षण अधिनियम 2023 का उल्लेख करते हुए बताया कि यह कानून महिलाओं को राजनीति, नीति निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लाया गया है। प्रधानमंत्री ने भारत सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का विस्तार से वर्णन किया तथा इन योजनाओं से महिलाओं को प्राप्त हो रहे लाभों की जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करने और नीति निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इस कानून से महिलाओं को नए अवसर प्राप्त होंगे और वे समाज के हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का पूर्ण प्रदर्शन कर सकेंगी।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विमला मिंज ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं समाज के विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, राजनीति एवं विज्ञान में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योगदान दे रही हैं। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने अधिकारों का उपयोग करने की प्रेरणा दी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने न्यास के संस्थापक अध्यक्ष स्व. माथुर को दी श्रद्धांजलि

# साधना और सेवा का संगम है श्री नर्मदे हर सेवा न्यास-मुख्यमंत्री

### पंच परिवर्तन विचार गोष्ठी में रखे विचार, स्व. माथुर ने अंतिम सांस तक की नर्मदा माता की सेवा



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एक व्यक्ति जब अपने पूरे जीवन को समाज के लिए समर्पित कर देता है, तब वह केवल व्यक्ति नहीं, एक विचार बन जाता है। स्व. भगवत शरण माथुर भी ऐसा ही एक जीवंत विचार थे। उन्होंने अपने जीवन में यह सिद्ध कर दिया कि समाज की सेवा ही ईश्वर की सच्ची साधना है। समाज सेवा ही हर मनुष्य के जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. माथुर ने अपनी निजी सुख-सुविधाओं को त्याग कर समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे आज भी हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. माथुर मूलरूप से राजगढ़ जिले के निवासी थे। उनका जन्म सीका गांव में हुआ था। उन्होंने अपने जीवनकाल में क्षेत्रीय सामाजिक पिछड़ेपन को दूर करने तथा शिक्षा के प्रसार के लिए प्रकल्प स्थापित कर इस दिशा में विशेष प्रयास किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को 'श्री नर्मदे हर सेवा न्यास' के संस्थापक अध्यक्ष स्व. भगवत शरण माथुर की जयंती पर न्यास के मुख्यालय अमरकंटक में आयोजित विचार गोष्ठी सह श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाजसेवी स्व. माथुर की जयंती पर उन्हें विन्रम श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महादेव की कृपा से सिद्ध क्षेत्र अमरकंटक से मां नर्मदा, सोन और जोहिला प्रकट होकर त्रिवेणी धारा प्रवाहित करती हैं। इसी स्थान से निकलकर मां नर्मदा मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों को आशीर्वाद देती है। सोन नदी भी आगे जाकर गंगा की धारा को समृद्ध करती है। जीवनभर का पुण्य होने पर ही अमरकंटक आने का अवसर मिलता है। परमात्मा ने इस स्थान को जी भरकर आशीर्वाद दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. माथुर ने अपनी अंतिम सांस तक भारत माता और नर्मदा माता की सेवा कर उनका आशीष पाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर विचार गोष्ठी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या पूजन कर उन्हें नमन किया साथ ही मंच पर उपस्थित संतों-महंतों एवं समाजसेवियों का सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'पंच परिवर्तन' विषय पर हुई विचार गोष्ठी में कहा कि स्व. माथुर ने समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय होकर अमरकंटक में काम किया। मुख्यमंत्री ने समाजसेवी और नर्मदा समग्र के स्व. अनिल माधव दवे का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्व. दवे ने राजनीतिक क्षेत्र में रहते हुए भी नर्मदा की अविरल धारा और जलवायु परिवर्तन जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर काम किया। राज्य सरकार उनकी भावना के अनुरूप नर्मदा के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. माथुर के उज्जैन जिले के प्रचारक रहते हुए उनसे बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। वे असंभव काम को भी संभव करने में सिद्धहस्त थे। स्व. माथुर ने विंध्य क्षेत्र में मौजूद अनेक चुनौतियां का समाधान खोजा। इसी का परिणाम है कि आज विंध्य क्षेत्र तेजी से समग्र विकास की ओर अग्रसर है। स्व. माथुर मां नर्मदा के इस क्षेत्र को संरक्षित करने के लिए जो मार्ग दिखाया है। हम उसी पर आगे बढ़ते हुए काम कर रहे हैं। कार्यक्रम में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष पद्मश्री सम्मानित मोहन नागर, कोल विकास प्राधिकरण तथा' नर्मदे हर सेवा न्यास' के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के पूर्व कुलगुरु डीएन वाजपेयी, हीरासिंह श्याम सहित न्यास के सभी सदस्यगण, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, संत-वृंद सहित बड़ी संख्या में सुधिजन भी उपस्थित थे।



*समय सीमा की बैठक में अधिकारी, कर्मचारियों को दी सख्त हिदायत*

# निगमायुक्त ने चेताया, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम में सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासकीय योजनाओं तथा नागरिकों की सुविधा हेतु किए जा रहे विकास कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किए जाएं, जिससे आमजन को योजनाओं का त्वरित एवं वास्तविक लाभ प्राप्त हो सके।

बैठक में निगमायुक्त ने समय-सीमा के चिन्हित पत्रों, शासकीय कार्यों, न्यायालयीन प्रकरणों, महापौर जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों एवं ई-नगर पालिका से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

वर्षा ऋतु में संभावित जलभराव की समस्या से निपटने हेतु निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर जलभराव वाले स्थलों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। नाले-नालियों पर अतिक्रमण के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

निगमायुक्त ने राजस्व वसूली कार्यों की समीक्षा करते हुए जीआईएस सर्वे के आधार पर लक्ष्य अनुरूप कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। नई संपत्तियों का सर्वे कर उन्हें निगम अभिलेखों में दर्ज कराने तथा जलकर के मासिक भुगतान हेतु मोबाइल एप्लीकेशन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बताया गया कि 100 में से 59 सोकपिट का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा नदी एवं कुओं की सफाई कार्य निरंतर जारी है।

निगमायुक्त ने जर्जर भवनों पर नियमानुसार कार्रवाई, भवन अनुज्ञा प्रकरणों में कंपाउंडिंग अभियान, फायर सेफ्टी नियमों का उल्लंघन करने वाले वाणिज्यिक भवनों पर कार्रवाई तथा अनाधिकृत कॉलोनियों में नए निर्माण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही आईएचएसडीपी योजना के हितग्राहियों के सर्वे कार्य शीघ्र पूर्ण करने एवं ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार से शिकायत, कार्यवाही की मांग



**हरिभूमि न्यूजः बड़वारा।** बड़वारा में सरकारी पट्टों की अवैध खरीद-फरोख्त के मामले में जय सूर्यवंशी के साथ मिलकर गांव के लोगों ने तहसीलदार ऋषि गौतम को एक शिकायत पत्र सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ रसूखदार लोगों ने फर्जी तरीके से खुद को गरीब बताकर सरकारी पट्टे हासिल कर लिए और अब उन्हें ऊंचे दामों पर बड़े सेठों को बेच रहे हैं। शिकायत में बताया गया है कि बड़वारा की सरकारी जमीन पर जमकर धांधली हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई प्रभावशाली लोगों ने खुद को बेघर और भूमिहीन दिखाकर नवोदय विद्यालय के सामने और उमंग नगर में सरकारी पट्टे ले लिए। अब ये लोग नियम-कायदों को ताक पर रखकर इन जमीनों का सौदा पूंजीपतियों के साथ कर रहे हैं, जो कि पूरी तरह गलत है।

बड़वारा तहसीलदार ऋषि गौतम ने कहा कि उन्हें शिकायत मिल गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि पूरे मामले की जांच करवाई जाएगी। जांच में पट्टों की अवैध बिक्री या सरकारी जमीन पर कब्जे की बात सही पाई गई, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जय सूर्यवंशी और ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन एक टीम बनाकर इन कॉलोनियों की जांच करे। उनकी मुख्य मांगें ये हैं-जिन लोगों ने झूठ बोलकर पट्टे लिए हैं, उनके पट्टे रद्द किए जाएं।सरकारी जमीन को बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई हो। केवल उन्हीं गरीबों को पट्टे दिए जाएं जिनके पास वाकई रहने को घर या जमीन नहीं है।

### शिकायत वापस लेने से मना किया तो युवक पर चाकू से हमला कर हुये फरार

**हरिभूमि न्यूजः कटनी** बस स्टैंड चौकी क्षेत्र में देर रात सरेराह खूनी संघर्ष की घटना हुई। दो हमलावरों ने एक युवक पर धारदार चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले के बाद घायल युवक अपनी जांघ में फंसा हुआ चाकू लेकर ही पुलिस चौकी पहुंच गया। जानकारी के अनुसार नदी पार निवासी रमेश अहिरवार ने पिछले दिनों मोहल्ले में होने वाली पत्थरबाजी को लेकर पुलिस जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई थी। इसी बात को लेकर मोहल्ले के ही कुछ युवक उनसे रंजिश रख रहे थे। रविवार रात जब रमेश खेर माता मंदिर में दर्शन करने गए थे, तभी आरोपियों ने उन्हें घेर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंदिर के पास आरोपी ओम कचेर और सोजल अहिरवार ने रमेश को रोका और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने लगे। जब रमेश ने मना किया तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान आरोपियों ने रमेश की जांघ पर चाकू से जोरदार वार किया जिससे चाकू जांघ की हड्डी के पास गहरे तक फंस गया।

घायल रमेश उसी अवस्था में ऑटो पकड़कर सीधे बस स्टैंड पुलिस चौकी पहुंचे। वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने जब पीड़ित ने अपनी जांघ में फंसा हुआ चाकू निकालकर पुलिस के सामने टेबल पर रख दिया। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनका उपचार जारी है। पुलिस का कहना है कि रमेश अहिरवार के बयान दर्ज कर लिए गए हैं।

**न मिनी बस स्टॉप, न पेयजल, न बैठने की व्यवस्था, बंद पड़ा फव्वारा और अंधेरे में डूबा चौक, जिम्मेदार बेखबर**

# धनपुरी का दिल 'आज़ाद चौक' बेहाल, करोड़ों के बजट के बावजूद विकास को तरसता शहर का हृदय स्थल

**धनपुरी। नगर का हृदय स्थल कहे जाने वाला आज़ाद चौक आज बदहाली की चरम स्थिति में पहुंच चुका है। चार वार्डों को जोड़ने वाला यह प्रमुख चौराहा, जहां से नगर की जीवनरेखा अमरकंटक रोड गुजरती है, वहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव साफ तौर पर जिम्मेदारों की अनदेखी को उजागर कर रहा है। सुबह और शाम के समय यहां सैकड़ों छोटी-बड़ी गाड़ियों का दबाव रहता है। बावजूद इसके ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के नाम पर स्थिति शून्य बनी हुई है।**

### ट्रैफिक का दबाव, अव्यवस्था हावी

चौक पर दिनभर जाम जैसे हालात बने रहते हैं। अव्यवस्थित पार्किंग और सड़क किनारे अतिक्रमण से समस्या और विकराल हो जाती है। लेकिन इस दिशा में न तो कोई ठोस योजना दिखती है और न ही कोई प्रभावी कार्रवाई।

### यात्रियों के लिए नहीं कोई इंतजाम

इतने महत्वपूर्ण चौराहे पर मिनी बस स्टॉप तक नहीं है। यात्रियों को सड़क किनारे खड़े होकर वाहनों का इंतजार करना पड़ता है। बैठने की व्यवस्था नहीं होने से बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान होते हैं।

### पेयजल का अभाव, बढ़ती परेशानी

गर्मी के मौसम में चौक पर पेयजल की कोई सुविधा नहीं है। एक हैंड पंप लगा है वर्षों से बंद है। राहगीरों को पानी के लिए भटकना पड़ता है, जिससे नगर पालिका की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

अंधेरे में डूबता चौक

शाम ढलते ही चौक की तस्वीर और भयावह हो जाती है। खराब और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट्स धूल धुआं डस्ट कारण पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

### CCTV नहीं, सुरक्षा भगवान भरोसे

नगर के सबसे व्यस्त चौराहे पर आज तक CCTV कैमरे नहीं लगाए गए हैं। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में न तो निगरानी संभव है और न ही जांच आसान।

### फव्वारा बना उपेक्षा का प्रतीक

लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया फव्वारा गर्मी के समय जरूरत पड़ने पर बंद पड़ा है। कभी रंगीन रोशनी से जगमगाने वाला यह फव्वारा आज केवल प्रशासनिक लापरवाही की गवाही दे रहा है।



### वादे और हकीकत में बड़ा अंतर

पार्षदों और नगर पालिका उपाध्यक्ष द्वारा कई बार चौक के सौंदर्यीकरण और विकास के दावे किए गए, लेकिन अब तक कोई भी योजना धरातल पर नहीं उतर पाई है।

### जनता का गुस्साः कब सुधरेगा आज़ाद चौक?

नगरवासियों में गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि हर साल करोड़ों का बजट आने के बावजूद शहर के सबसे अहम स्थल की अनदेखी समझ से परे है।

### निष्कर्ष

आजाद चौक की यह बदहाली नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। अब समय आ गया है कि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर गंभीरता से ध्यान दें, ताकि शहर के इस हृदय स्थल को उसकी पहचान और गरिमा वापस मिल सके।

# संत शिरोमणि सेन जी महाराज जयंती पर उमड़ा सैलाब, शोभायात्रा से गूंजा नगर





**धनपुरी। संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल मंगलवार को धनपुरी में आस्था, उत्साह और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। सेन समाज द्वारा आयोजित इस भव्य आयोजन में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण छा गया।**

### झांकी और शोभायात्रा ने बांधा समां

सेन समाज स्थल छोटी तलैया, पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास से संत सेन महाराज की आकर्षक झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच यह जुलूस इमामबाड़ा होते हुए नगर के हृदय स्थल आजाद चौक पहुंचा। आजाद चौक में शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यहां आतिशबाजी कर जयंती की खुशियां मनाई गईं। कुछ समय के लिए जुलूस रुका, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।

### हर वर्ग की सहभागिता

शोभायात्रा में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु और संत सेन महाराज की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। हर साल की तरह इस बार भी आयोजन ने समाज की एकता और आस्था का परिचय दिया।

### तीन घंटे चली पूजा-अर्चना

आजाद चौक से वापसी के बाद शोभायात्रा पुनः छोटी तलैया स्थित सेन समाज स्थल पहुंची, जहां संत शिरोमणि सेन जी महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। करीब तीन घंटे तक चले इस धार्मिक आयोजन में समाज के सभी लोगों ने भाग लिया।

### एकता और सहयोग का दिया संदेश

समाज के संरक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। जरूरतमंदों की सहायता करना और आपसी सहयोग ही समाज को मजबूत बनाता है। उन्होंने समाज को जोड़ने के प्रयासों के लिए समिति की सराहना की।

### शिक्षा को बताया विकास की कुंजी

रामविशाल और राममिलन ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा का स्तर बढ़ाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से अच्छी शिक्षा प्राप्त कर समाज को आगे ले जाने का आह्वान किया।

### अतिथियों का हुआ सम्मान, बड़ी संख्या में उपस्थिति

कार्यक्रम में दूर-दराज से आए अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राम मिलन सेन, राम विशाल नापित, रामेश्वर नापित, योगेंद्र, सुधीर नापित सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे।

### निष्कर्ष

संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती पर निकली यह भव्य शोभायात्रा न केवल आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि समाज में एकता, शिक्षा और सहयोग का मजबूत संदेश भी दिया।

# राजस्थान से दस्तयाब की गई लापता नाबालिक बालिका

**बुढार। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए एक माह से लापता नाबालिग बालिका को राजस्थान से सुरक्षित बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से बालिका के परिजनों ने राहत की सांस ली है।**

### क्या था मामला?

जानकारी के अनुसार, बीती 12 मार्च 2026 को फरियादी ने थाना बुढार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री 11 मार्च को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों ने अपने स्तर पर सगे-संबंधियों और आसपास काफी तलाश की, लेकिन बालिका का कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने आशंका जताई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

### राजस्थान में मिली लोकेशन

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने पुलिस ने टीम गठित कर बालिका की तलाश शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस को बालिका के राजस्थान में होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम ने तत्काल जिला चूरू (राजस्थान) के थाना बालाजी अंतर्गत बालाजी पार्किंग दबिश दी और 12 अप्रैल 2026 को नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब (बरामद) कर लिया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी बुढार के कुशल नेतृत्व में महिला.प्र.आर. सरिता सिंह राठौर,आर. सविता धुर्वेप्र.आर. शंकर प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही।

## इकबाल अहमद को प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किये जानें पर हर्ष व्याप्त



**बुढार।** कांग्रेस पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता इकबाल अहमद (एड.) को म.प्र. कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किये जानें पर कांग्रेस जनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशन पर म.प्र. कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी निजामुद्दीन कुरैशी एवं प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष शेख अलीम (एड.) द्वारा इकबाल अहमद को उपरोक्त दायित्व प्रदान किया गया है।

कांग्रेस पार्टी के सक्रिय निष्ठावान कार्यकर्ता इकबाल अहमद (एड.) पार्टी के दिशा निर्देशन पर संगठन में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करते आ रहे हैं, और उनकी कार्यकुशलता को देखते हुये म.प्र. कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश संगठन मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया है।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताः हनुमान खण्डेलवाल, प्रदीप सिंह (एड.), मुबारक मास्टर, आनंद मोहन जायसवाल, जुलफ़िकार अली (एड.), अंकित सिंह, मो.साबिर, मो. आज़ाद, मनोज जैन,
हेमंत शर्मा, अनिल जायसवाल, हर्ष पाठक, शेख केसर, रतन सोनी, पवन सोनी, ने इकबाल अहमद को प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त किये जानें पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

## श्रीवास्तव तिराहा झगरहा में मूर्ति स्थापित



**बुढार।** श्रीवास्तव तिराहा झगरहा में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सदैव तत्पर रहने वाले स्व. रमाशंकर श्रीवास्तव की मूर्ति की स्थापना धार्मिक कार्यक्रमों के मध्य की गई। प्रदेश की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बकहों (ओ.पी.एम.) जो वर्तमान में नगर परिषद के रूप में अपनी एक अलग पहचान कायम की है, जहां के निवासी स्व. रमाशंकर श्रीवास्तव ने पंचायत क्षेत्र के नागरिकों के मध्य अपनी मिलनसारिता एवं अपनत्व के फलस्वरूप अतिप्रिय रहे हैं, ऐसे व्यक्तित्व को पुण्य स्मरण के पुनीत उद्देश्य से श्रीवास्तव जलपान गृह के निकट झगरहा श्रीवास्तव तिराहे पर मंगलवार को स्व. रमाशंकर श्रीवास्तव की मूर्ति की स्थापना की गई।स्व. रमाशंकर श्रीवास्तव के पुत्र- कमलेश श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव ने पूज्य पिताश्री की यादों को चिरस्थायी बनाये रखने झगरहा श्रीवास्तव तिराहा पर पूज्य पिताश्री की मूर्ति स्थापित करायी। मूर्ति स्थापना अवसर पर सुन्दर कांड का पाठ के साथ ही पूजन अर्चन हवन का कार्य पुरोहितों ने विधि-विधान पूर्वक कराया। प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं धर्मानुरागी स्व. रमाशंकर श्रीवास्तव के मूर्ति स्थापना अवसर पर-मानव कल्याण आश्रम कटकोना के गीतानुरागी श्रीकान्त शर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मैथली शरण गुप्त, पत्रकार- मोहन नामदेव, निरंजन पटेल, नागेन्द्र सिंह, गोविन्द सिंघल, रामशरण सिंह, शरद श्रीवास्तव, अमरेश, पं. सोनू महाराज, नागेन्द्र दुबे, सीताराम साहू अशोक साहू सहित पंचायत क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## बाबा साहब अम्बेडकर को अर्पित किया श्रद्धा सुमन



### भारतीय जनता पार्टी का शानदार कार्यक्रम

**बिरसिंहपुर पाली।** आधुनिक भारत के शिल्पकार संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज उन्हें सादर श्रद्धां सुमन अर्पित कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प दोहराया गया। विदित होवे की आज के ही दिन डां साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 में महु में हुआ था। डां साहब को स्वतंत्र भारत को आगे बढाने के लिए बनाये जा रहे संविधान के प्रारूप समिति का अध्यक्ष 26 नवम्बर 1947 को बनाया गया था। संविधान में सभी वर्गों के उत्थान हो ऐसा उनका प्रयास था। आपने शिक्षा, कानून और आंदोलन के दम पर करोड़ों लोगों को इंसान होने का हक़ दिलाया था। इसी कारणा उनका नाम पूरे देश में आज भी श्रद्धा और सम्मान से लिया जाता है। पाली नगर में स्थापित आदम कद प्रतिमा पर आज सुबह से ही श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए लोग पहुंचे, उनके प्रतिमा पर विधिवत माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा विजय तिवारी, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुश्री शंकुतला प्रधान जी, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष पं प्रकाश पालीवाल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद साहू, पं राम नारायण पाण्डेय, भरत प्रजापति, अंबिका यादव, समय लाल साहू, कामता प्रसाद, राज कुमार खरे,शहीद अहमद के साथ दर्जनों लोगों ने बाबा साहेब को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि सर्मपित की। विदित होवे की पाली नगर में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित कराने में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुश्री शंकुतला प्रधान ने अपने विधायक कार्य काल में की थी, तब से लेकर पाली नगर में बाबा साहेब की जंयती पर और विशेष पर्व पर बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें आदर के साथ याद किया जाता है।



# प्लास्टिक मुक्त शहर की दिशा में जन जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**शहर में संचालित विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी द्वारा व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नगर को साफ स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त रखने हेतु जन जागरूकता के प्रयास किए जा रहे है। निगम प्रशासन के मार्गदर्शन में यह अभियान निरंतर गति पकड़ रहा है।**

स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 16 रफी अहमद किदवई वार्ड में तिलक कॉलेज के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता से दुकानदारों के बीच "प्लास्टिक दानव" के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही कपड़े एवं कागज के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया। वार्ड क्रमांक 37 स्वामी विवेकानंद वार्ड स्थित खेर माता मंदिर परिसर में महापौर प्रीति संजीव सूरी के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के उपरांत सफाई मित्रों का सम्मान कर उनके योगदान को सराहा गया। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आईईसी टीम के सदस्य उपस्थित रहे। क्रमांक 12 स्थित अक्षर नंदन स्कूल में "ईको ब्रिक्स" विषय पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को ईको ब्रिक्स के महत्व, निर्माण प्रक्रिया एवं पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को प्लास्टिक कचरे के उचित प्रबंधन एवं पुनः उपयोग के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया।



खबर संक्षेप

## अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं, गाड़ी का बोर्ड लगाने के लिए पद नहीं-संजय साहू



**हरिभूमि न्यूज अनुपपुर** पवित्र नगरी अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में 13 अप्रैल को भाजपा की जिला संगठन बैठक संपन्न हुई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि बैठक में जिला प्रभारी संजय साहू एवं जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने संगठन के चल रहे कार्यों की बारीकी से समीक्षा की। बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में नव नियुक्त मंडल प्रभारियों एवं मोर्चा-प्रकोष्ठ पदाधिकारियों का संजय साहू एवं हीरा सिंह श्याम ने स्वागत किया तथा संगठन हित में उत्कृष्ट कार्य करने की अपेक्षा जताई।

**अनुशासन में रहें कार्यकर्ता, वरना सख्त कार्रवाई-** जिला प्रभारी संजय साहू ने कहा कि हर कार्यकर्ता अनुशासन में रहे। सोशल मीडिया पर संगठन के प्रति अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने जिला अध्यक्ष को निर्देश दिए कि ऐसे कार्यकर्ताओं को चिह्नित कर पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाए, ताकि संगठन की छवि प्रभावित न हो। साहू ने प्रत्येक मंडल के कार्यों की समीक्षा कर कहा, पद काम करने के लिए दिया जाता है, गाड़ी में बोर्ड लगाने के लिए नहीं। संगठन का कार्य न करने पर बोर्ड हटाने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने गांव चलो अभियान, आजीवन सदस्यता, निधि प्रशिक्षण एवं अंबेडकर जयंती पर मंडल अध्यक्षों-महामंत्रियों से वन-टू-वन चर्चा की।

**मोर्चा-प्रकोष्ठ सक्रिय हों, बूथ स्तर पर अच्छा संदेश दें-** जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने सभी मोर्चा-प्रकोष्ठ से सक्रिय भूमिका निभाने को कहा, ताकि संगठन के कार्य सहजता से पूरे हों। उन्होंने प्रत्येक बूथ पर समाज को सकारात्मक संदेश देने वाले कार्य करने और संगठन के हर कार्य को गंभीरता से पूरा करने की अपील की।

## ग्राम पंचायत जरही में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का किया गया अनावरण



**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत जरही आमां टोला तिराहे में 135 वा जन्म दिवस के उपलक्ष्य मे बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण प्रोफेसर डॉ सन्तोष सोनकर इंदिरा गांधी जनजाति विश्वविद्याल लालपुर अमरकंटक तथा भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के द्वारा प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर अनावरण किया गया। डॉ संतोष सोनकर ने अपनी उद्बोधन में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा साहब बड़ी संघर्षों के साथ अपमानित खेलते हुए कठिन परिश्रम उसे दूर से गुजर कर आज 32 डिग्री प्राप्त कर संविधान का रचना रच दिया जिसके कारण आज महिलाओं को अधिकार दिलाया और हमें दबे कुचले समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षित बनो आगे बढ़ो का नारा बाबा भीमराव अंबेडकर ने दिया। वही डीए प्रकाश खांडे ने अपने उद्बोधन में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन जीवन गाथा की जानकारी पर प्रकाश डाला वहीं थाना प्रभारी पीसी कोल ने अपने वक्तव्य में बताया कि आज अगर बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान नहीं होता तो मैं यहां पर वर्दी पहन कर खड़े होने का मौका ही नहीं मिलता क्योंकि संविधान के आरक्षण के बदौलत आज यह वर्दी पहन कर हम इस मंच पर आ सका हूं। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संतोष कुमार सोनकर राष्ट्रीय जनजाति इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय अमरकंटक अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग, एडवोकेट रामेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, बब्बू प्रसाद चंद्रवंशी, शीतल प्रसाद चंद्रवंशी, उमानिया, पूरन चंदेल प्रांतीय अध्यक्ष, हीरा सिंह श्याम भाजपा जिला अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मिथिलेश सिंह मरावी, प्रमोद मरावी, बब्बू प्रसाद चंद्रवंशी, ग्राम पंचायत जरही के सरपंच श्रीमती मैकिन बाई, उपसरपंच मनोज कुमार, पूर्व सरपंच राम सिंह उरेती नागरिक की उपस्थिति उल्लेखनिय रही। वहीं मंच संचालक रमाकांत चंद्रवंशी ने किया तथा ग्राम जरही के नवयुवक संघ कार्यकर्ता रमाकांत तेंदवे, रोहित चंदेल, सुरेश चंदेल, छक्के लाल, लोकेश एवं समस्त नवयुवक कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनी रही।

## नल-जल योजना ठप, लाल पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

# करोड़ों खर्च के बाद भी नहीं मिला फायदा

### स्कूल से सामने खुला छोड़ दिया गया बोर

हरिभूमि न्यूज अनुपपुर।

जिले के तितरीपोड़ी गांव में नल-जल योजना शुरू न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करोड़ों रुपए की लागत से तैयार की गई योजना अब तक चालू नहीं हो सकी है, जिससे लोगों में गहरी नाराजगी है। गांव में पेयजल की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि हैंडपंप से भी लाल रंग का पानी निकल रहा है। मजबूरी में ग्रामीण यही पानी पीने को विवश हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर इसका असर पडने की आशंका जताई जा रही है। स्थिति यह है कि कुछ वार्डों में पानी की कमी इतनी अधिक है कि लोग अपने घरों से अन्य ग्रामीणों को पानी उपलब्ध करा रहे हैं, तभी किसी तरह लोगों का गुजारा हो पा रहा है।

### करोड़ों खर्च के बाद पानी नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि नल-जल योजना के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए गए, लेकिन आज तक इसका लाभ उन्हें नहीं मिल सका। पाइपलाइन और टंकी बनने के बावजूद सप्लाई शुरू नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द योजना को चालू किया जाए और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की भी मांग उठ रही है।

### स्कूल के सामने खुला बोर बना खतरा

तितरीपोड़ी गांव में ठेकेदार की बड़ी लापरवाही सामने आई है। गांव में कराए गए बोरिंग कार्य के बाद बोर को खुला ही छोड़ दिया गया है, वह भी स्कूल के ठीक सामने। इस गंभीर चूक से बच्चों और ग्रामीणों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बोरिंग का काम पूरा होने के बाद ठेकेदार द्वारा न तो उसे ढंका गया और न ही किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था की गई। स्कूल के सामने होने के कारण यहां दिनभर बच्चों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में जरा सी चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।



### खुले बोर से कई बार हो चुकी है घटनाएं

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जिम्मेदारों को इसकी सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। खुले बोर के आसपास न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही घेराबंदी की गई है, जिससे खतरा और बढ़ गया है। गौरतलब है कि प्रदेश में पहले भी खुले बोरवेल में गिरने से कई दर्दनाक घटनाएं सामने आ चुकी हैं, बावजूद इसके जिम्मेदार सबक लेने को तैयार नहीं दिख रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल बोर को सुरक्षित तरीके से बंद कराया जाए और लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### बिजली कनेक्शन के बिना ठप नल-जल योजना

तितरीपोड़ी गांव में नल-जल योजना शुरू न होने से ग्रामीणों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई इस योजना को अब तक सिर्फ इसलिए शुरू नहीं किया जा सका क्योंकि पानी सप्लाई के लिए विद्युत कनेक्शन ही नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में टंकी और पाइपलाइन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन बिजली कनेक्शन के अभाव में पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पा रही है। नतीजतन, लोगों को आज भी पुराने साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर खासा आक्रोश है कि जब योजना पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं, तो एक छोटे से विद्युत कनेक्शन के अभाव में इसे चालू न कर पाना जिम्मेदारों की लापरवाही को दर्शाता है।

## भक्ति और श्रद्धा का हुआ संगम, बाल कथावाचक ने बांधा भक्ति का समा मुख्यमंत्री के आगमन तक बाल किशोरी को सुन भाव विभोर हुए श्रोता



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 13 अप्रैल को श्री नर्मदे हर सेवा न्यास अमरकंटक के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय भगवत शरण माथुर के जयंती अवसर पर विचार गोष्ठी (विषय पंच परिवर्तन) कार्यक्रम के अवसर पर अमरकंटक आगमन हुआ, इस दौरान पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक प्रस्तुतियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें कोयलांचल क्षेत्र गोविंदा (जमुना-कोतमा) की बाल कथा वाचक प्रसिद्ध भजन गायिका 12 वर्षीय उन्नति मिश्रा द्वारा भजन गायन एवं मोटिवेशनल स्पीच प्रस्तुत किया, उनके मधुर भजनों एवं मोटिवेशनल स्पीच ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया, पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम में उपस्थित होने के पूर्व लगभग 3 घंटे चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्व. भगवत शरण माथुर की जयंती एवं "पंच परिवर्तन" विचार गोष्ठी के अवसर पर बाल कथावाचक उन्नति किशोरी ने कार्यक्रम के दौरान भगवत शरण माथुर के जीवन शैली पर भी प्रकाश डाला और कहा कि केवल औपचारिक नहीं, वैचारिक भी आज हम केवल एक कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हैं, हम एक विचार-यज्ञ में सहभागी हुए हैं। हम सब इस अवसर पर मुख्यमंत्री का हृदय से स्वागत करते हैं, आपकी उपस्थिति यह संकेत देती है कि सत्ता और संस्कार जब साथ चलते हैं, तभी राष्ट्र का उत्थान होता है। भगवत शरण माथुर एक व्यक्ति नहीं, एक चेतना हैं, आज हम जिस महान विभूति को स्मरण कर रहे है।ऽस्वर्गीय माथुर जी ये केवल नाम नहीं, ये राष्ट्रधर्म की जीवंत व्याख्या थे। उन्होंने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि "व्यक्ति नहीं, विचार बड़ा होता है" "सुविधा नहीं, समर्पण महान होता है"। उनका जीवन त्याग, तपस्या और अनुशासन का ऐसा उदाहरण है, जो आज के भटकते समाज के लिए एक दिशा-सूचक दीपस्तंभ है। आज का विषय "पंच परिवर्तन" है, लेकिन मैं स्पष्ट कहना चाहती हूँ कि यह कोई सरकारी योजना नहीं यह कोई मंचीय नारा नहीं यह है राष्ट्र पुनर्निर्माण का शास्त्र। पंच परिवर्तन नारा नहीं, राष्ट्र निर्माण का सूत्र है। इसमें स्वभाव परिवर्तन जब तक व्यक्ति अपने भीतर की नकारात्मकता, अहंकार और स्वार्थ को नहीं छोड़ेगा, तब तक कोई परिवर्तन संभव नहीं। परिवार परिवर्तन परिवार केवल रहने की जगह नहीं, वह संस्कारों की पहली पाठशाला है। समाज परिवर्तन जाति, वर्ग, भाषा के नाम पर बंटा समाज कभी सशक्त नहीं हो सकता। हमें समरसता की ओर बढ़ना होगा। राष्ट्र परिवर्तन राष्ट्र सर्वोपरि यह भाव जब तक हृदय में नहीं होगा, तब तक विकास केवल आंकड़ों में रहेगा, वास्तविकता में नहीं। विश्व परिवर्तन भारत का दर्शन "वसुधैव कुटुम्बकम" है हम केवल अपने लिए नहीं, समस्त विश्व के कल्याण के लिए जीते हैं। आज समाज एक अजीब द्वंद्व में है साधन बढ़ रहे हैं, लेकिन साधना घट रही है, जानकारी बढ़ रही है, लेकिन विवेक कम हो रहा है, भीड़ बढ़ रही है, लेकिन चरित्र खो रहा है ऐसे समय में, भगवत शरण माथुर जैसे व्यिंतव हमें याद दिलाते हैं कि राष्ट्र निर्माण केवल नीतियों से नहीं, चरित्र से होता है। मैं आप सभी से कहना चाहती हूँ कि आज आप केवल श्रद्धांजलि मत दीजिए, आज केवल भाषण मत सुनिए, आज एक संकल्प लीजिए कि मैं स्वयं को बदलूंगा अपने परिवार को संस्कारित करूंगा, समाज में समरसता फैलाऊंगा, राष्ट्र को सर्वोपरि रखूंगा, क्योंकि जब व्यक्ति बदलता है, तभी युग बदलता है। अंत में, मैं यही कहना चाहूँगी कि स्व. भगवत शरण माथुर का जीवन हमें चुनौती देता है कि हम सुविधा के नहीं, सिद्धांत के रास्ते पर चलें। अगर हम सच में उन्हें श्रद्धांजलि देना चाहते हैं, तो हमें उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना होगा। आइए हम सब मिलकर "पंच परिवर्तन" को केवल शब्द नहीं, बल्कि अपने जीवन का संकल्प बनाएं। इन शब्दों के साथ बाल कथावाचक उन्नति मिश्रा ने सभा मे उपस्थित सभी श्रोताओं/उपस्थित जनों को भाव विभोर कर दिया।

## जंगल की आग बनी आफत, अमरकंटक थाना परिसर में खड़े वाहनों को लिया चपेट में

हरिभूमि न्यूज.अमरकंटक।



मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल अमरकंटक में जंगल में लगी आग ने बड़ा रूप ले लिया। नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 2 स्थित जंगल में दोपहर करीब 2 बजे लगी आग धीरे-धीरे फैलते हुए पुलिस थाना अमरकंटक परिसर तक पहुंच गई, जिससे न्यायालय के आदेश पर सुरक्षा हेतु खड़े कई वाहन आग की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हायर सेकेंडरी स्कूल और मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के वितरण केंद्र के पीछे आग भड़कनी शुरू हुई थी। इसकी सूचना समय रहते वन विभाग को दी गई, लेकिन त्वरित कार्रवाई नहीं होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते थाना परिसर में खड़े 709 और 407 ट्रक, चौपहिया वाहन, मोटरसाइकिल और ऑटो आग की चपेट में आ गए, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस कर्मियों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग काफी फैल चुकी थी। नगर परिषद अमरकंटक की ओर से अग्निशमन यंत्र बुलाया गया, परंतु वह भी आग पर काबू पाने में नाकाफी साबित हुआ। उल्लेखनीय है कि परिषद का एक अन्य अग्निशमन वाहन पहले से ही ग्राम दोनिया में लगी आग बुझाने गया था, जो तकनीकी खराबी के कारण वापस नहीं आ सका। स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी, क्योंकि घटनास्थल से लगभग 50 मीटर की दूरी पर पेट्रोल पंप तथा समीप ही विद्युत ट्रांसफार्मर स्थित है। यदि आग वहां तक पहुंचती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। सहायक उपनिरीक्षक पीएस बघेल ने बताया कि सूचना समय पर वन परिक्षेत्र कार्यालय को दे दी गई थी, लेकिन उचित समय पर कार्रवाई नहीं होने के कारण यह नुकसान हुआ। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये की क्षति हुई है। आग बुझाने में पुलिस स्टाफ और नगर परिषद के कर्मचारियों शैलेंद्र तिवारी एवं शाहरुख खान ने सराहनीय प्रयास किए। पुलिस टीम के उपनिरीक्षक पी.एस. बघेल, सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर यादव, भगवान सिंह पाटले, प्रधान आरक्षक तिलक सिंह, पूरन सिंह, प्रवीण कुजूर, आरक्षक छोटेलाल साहू, पवन तिवारी, कृष्ण राजावत और रवि सिंह ने अथक मेहनत कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया है घटना ने वन विभाग और अग्निशमन व्यवस्था की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर की हुई घोषणा

**राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र में जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर की घोषणा हुई। जिसमें कोषाध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ नेता जे.पी. श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष के रूप में हरि शंकर दुबे (पुल्लू दुबे), महामंत्री निर्भय नारायण राव, महामंत्री संतोष यादव, सचिव नरोत्तम दास, एवं शोशल मीडिया प्रभारी धर्मदास को बनाया' गया है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयो का राजनगर भगत सिंह चौक पर जोरदार स्वागत किया गया तथा स्वागत के दौरान ढोल नगाड़े तथा जोरदार आतिशबाजी की गई। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राहुल सिंह परिहार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर दुबे (पुल्लू दुबे), किसान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम नारायण सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, गिरिजेश श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, मुकेश राजभर, आशीष राव, नवी रसूल, छोटू पाण्डेय, रविन्द्र लालू केवट, कृष्णा तिवारी, ब्लॉक सेवा जिला अध्यक्ष मनोहर जायसवाल, यूथ कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष राहुल जायसवाल, सद्दाम अंसारी, पार्षद पवन सिंह, सिरवन सिंह, संतोष सिंह, गोविंद,गोपाल, विपिन दुबे, शिवनाथ यादव, गोपाल चौहान, आलोक सिंह, उप सरपंच सोमनाथ केवट, विपिन दुबे, संदीप पनिका, क्रांति, पिंटू,राम, संजीव प्रजापति, इमरान खान, बंटी, सिंह, संजय राव, इश्तियार खान सोनू, शमशेर पठान, शाहिद, सद्दाम, तिलक, अंसारी, मकसूद आलम, गौर चंद, पात्रों, केस्टो दादा, आलम, मानिकपुरी, रविन्द्र मौर्य, बाबा, अजय चतुर्वेदी, विवेक सिंह, मकसूद आलम, कृष्णा तिवारी, दिलीप दहिया, राकेश कोल, पार्षद पवन, अभिषेक चौहान, दिलीप केवट, अरविंद यादव, अविनाश, कमल, विजय मोहंती उपस्थित है।

## जंक फूड बच्चों को दे रहा इनफेक्शन : गर्मी में इनके सेवन से हिस्टमीन नामक केमिकल शरीर में कर रहा प्रवेश

### गंभीर बीमारियों से पीड़ति बच्चे इलाज को पहुंच रहे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज अनुपपुर/कोतमा।

गर्मी में जंक फूड बच्चों को बहुत बीमार कर सकता है। गर्मी के मौसम में जंक फूड के तत्व शरीर में तमाम तरह की दिक्कतें पैदा करते हैं, जिससे उन्हें इन्फेक्शन, पेट संबंधी बीमारी और त्वचा संबंधी अन्य रोग घेर रहे हैं। इसके अलावा पेट संबंधी बीमारियां भी बच्चों की हालत ज्यादा खराब कर रही हैं। जंक फूट के अलावा पैकेट बंद चीजों में ऐसे तत्व मिले होते हैं जो उसे और तीखा व चटपटा बनाते हैं। ये तीखे तत्व ही गर्मी में हिस्टमीन नामक केमिकल शरीर में प्रवेश करते हैं। यही केमिकल लाल चकत्तों के जिम्मेदार हैं जिसमें खुजली होती है।



संभाग के वरिष्ठ रेडियोलोजिस्ट डॉ सोम शंकर पाण्डेय ने बताया कि इस समय बच्चों में पेट से संबंधित बीमारियों के मैक्सिमम केस ज्यादा मिल रहे है, जिनमें पीलिया, टाइफाइड, लिवर से संबंधित बीमारियां, हेपटाइटिस जैसे बीमारियां ज्यादा मिल रहा है। जिनका मुख्य कारण जंक फूड मोमोज, दूषित पानी, स्ट्रीट फूड व पैकेट बंद खाद्य पदार्थ, और साफ सफाई न रखना है, इस समय सोनोग्राफी करवाने परिजनों के द्वारा अपने बच्चों को लेकर आते हैं ज्यादातर बच्चों में पेट से संबंधित बीमारियां ज्यादा देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि साफ सफाई रखकर और बच्चों को घर में ही उनके पसंदीदा खाना बनाकर खिलाने और स्ट्रीट व जंक फूड से बचने की सलाह दिए है।

वहीं जिला चिकित्सालय अनूपपुर में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ वीरेंद्र खेस्स ने बताया कि इस समय आमतौर पर बच्चों में पेट से संबंधित बीमारियां ज्यादा निकलकर सामने आ रही है, जिसका मुख्य कारण दूषित पानी, पैकेट बंद फूड आइटम, जंक फूड, स्ट्रीट फूड, डिब्बे बंद खाद्य पदार्थ, और गर्मी के कारण खाना जल्दी खराब हो जाता है जिसके कारण भी बच्चे जल्दी बीमार पड़ जाते है। वर्तमान में सर्वाधिक मरीज पेट से संबंधित और टाइफाइड, हेपेटाइटिस, पीलिया, लीवर संबंधित बीमारियां और उल्टी दस्त जैसे शिकायतें लेकर आ रहे है। बच्चों को गर्मी के मौसम को देखते हुए तरल पदार्थ खीरा, ककड़ी, टमाटर, मूली, गाजर, तरबूज के सेवन के साथ ही पर्याप्त मात्रा मे पानी पिलाना चाहिए। उन्होंने बताया कि बच्चों को विशेषकर इस समय में घर का ही खाना दे, बाहर खाने से बचे, बच्चों को पैक्ड फूड आइटम और डिब्बे बंद खाद्य पदार्थ से परहेज करें व साफ पानी पीए और साफ सफाई रखकर इस प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है।





खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केएल दीवान का कहना है कि इन दिनों जंक फूड से बच्चे ज्यादा पीड़ति हो रहे हैं उन्हें पेट में दर्द के साथ उल्टी की भी शिकायत है। लिवर में भी समस्या बढ़ रही है। बच्चों को पैकेट बंद खाद्य पदार्थ के सेवन से बचाना चाहिए जंक फूड पैकेट बंद फूड जैसे खाद्य पदार्थ बच्चों के स्वास्थ्य के लिए घातक हैं।



डॉ. राजकुमार तिवारी का कहना है कि जो बच्चे अधिक जंक फूड खाते हैं उनके लिए गर्मी में ज्यादा दिक्कत होगी। पेट की परेशानियां ज्यादा चॉकलेट और चिप्स का सेवन करने वालों को गैस्ट्रो और लिवर सम्बंधी दिक्कत हो रही है। बच्चों में भी एसिडिटी की समस्या हो रही है। ऐसे परिजनों के द्वारा अपने बच्चों का इलाज कराने प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से पीलिया आंतो मे इन्फेक्शन सूजन एवं हेपेटाइटिस ए बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। परिजन बच्चों को पैकेट बंद खाने की सामग्रियों एवं ममोज जैसे हानिकारक खाद्य पदार्थों के सेवन से बचायें।

### मिल रहा बढ़ावा

जंक फूट और फास्ट फूड को मिल रहे बढ़ावे ने यह दिक्कत पैदा कर दी है। बाजार में जंक फूड व फास्ट फूड का चलन जोरों पर है। घरों में भी इसे अपनाया जा रहा है। बच्चों को नाश्ते में सब्जी पराठा की जगह पास्ता या मैगी बनाकर दे दिया जाता है। बनने में आसान और स्वाद में बेहतर होने के चलते बच्चों की मांग को घर वाले मना नहीं कर पाते। धीरे-धीरे इससे शरीर में परेशानी होने लगती है।

### घटिया सामग्री का इस्तेमाल

बाजार में बिकने वाले जंक फूड में घटिया सामग्री का इस्तेमाल होता है। खाद्य एवं औषधि विभाग की अनदेखी के चलते धड़ल्ले से इनका प्रयोग होता है। सस्ती होने के कारण दुकानदार इनका प्रयोग ही करता है। खाने वालों को इससे कोई मतलब नहीं होता कि इस्तेमाल होने वाली चीज का मानक क्या है, उन्हें तो बस स्वाद चाहिए। बच्चों मे बढती पेंट एवं लिवर संबंधित बीमारी की समस्या से परेशान परिजनों ने बाजार मे बिक रहे ऐसे जंक फूड की दुकानों की जांच करवाते हुए कार्यवाही करने की मांग की है।

## तीन हाथियों का समूह राजेंद्रग्राम से जैतहरी के गोवरी जंगल में

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** तीन हाथियों का समूह रविवार की रात वन परिक्षेत्र राजेन्द्रग्राम के पटना बीट से विचरण करता हुआ सोमवार की सुबह जैतहरी के गोवरी बीट अंतर्गत जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं तीनों हाथियों द्वारा रात में किसानों के खेतों में लगी एवं रखी फसलों को अपना आहार बनाया है वही एक हाथी शनिवार एवं रविवार की मध्यरात्रि वन परिक्षेत्र अनूपपुर के भोलगढ़ बीट अंतर्गत चटुआ गांव में एक ग्रामीण के कच्चे मकान में तोड़फोड़ करने बाद रविवार एवं सोमवार के दिन से पता नहीं चल रहा जिसकी वन विभाग द्वारा खोजबीन की जा रही है। अनूपपुर जिले में दो अलग-अलग भागों में बटे चार हाथियों का समूह निरंतर विचरण कर रहा है करता हुआ ग्रामीणों के संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं विगत 10 दिनों तक राजेंद्रग्राम वन परिक्षेत्र के ग्रामीण अंचलों मंग विचरण करने बाद तीन हाथियों का समूह शनिवार एवं रविवार की मध्यरात्रि बेनीबारी बीट के जंगल से निकल कर कोहका, बम्हनी, बसनिहा, राजेंदग्राम, धर्मदास होते हुए रविवार के दिन पटना बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत धर्मदास के बघर्रा जंगल में दिन बीताने बाद देर शाम/रात जंगल से निकल कर हवेली पंचायत के आमाटोला निवासी बुटारी पिता परदेसिया सिंह एवं हरई पंचायत के डोकराटोला निवासी टोप सिंह के खेतों में लगी फसलों को खाता हुआ देर रात बैहार के पहाड़ से उतर कर वन परिक्षेत्र अनूपपुर के औढेरा बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत बैहार के ढोखहाटोला से जंगल हो कर ग्राम पंचायत गौरेला के आरदा, ठेही गौरेला के बड़काटोला, दुधमनिया बीट अंतर्गत केकरपानी, बांका के जंगलों में विचरण करता हुआ सोमवार की सुबह एक बार फिर से वन परिक्षेत्र जैतहरी के वन बीट ग्राम एवं ग्राम पंचायत गोबरी के झुरहीतलैया जंगल में 15 से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं,